हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

09 ओडिशा से एमपी गांजा सप्लाई करने वाला फरार...



10 लोकतंत्र की बुनियाद जनता के मताधिकार पर टिकी : शोभा



खबर संक्षेप

सिवनीकला स्कूल के तुषार का क्रिकेट में चयन

कुरुद। शाउमावि सिवनीकला में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र तुषार लहरे पिता तीजू लहरे का चयन 26वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-19 बालक क्रिकेट वर्ग में हुआ है। प्रतियोगिता राजनांदगांव में 26 से 29 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। तुषार के चयन पर प्राचार्य एनआर शाडिल्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, सरपंच लता ध्रुव, जनपद सदस्य टेकराम साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी खेल शिक्षक जेके साहू ने दी।



खम्हरिया में नवाखाई पर्व मनाया गया

नगरी। ग्राम खम्हरिया में नवाखाई पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। अंबिका मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। नवाखाई पर्व छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, कृषि परंपरा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। कार्यक्रम में पारंपरिक संस्कृति एवं सामाजिक एकता की झलक देखने को मिली। नवाखाई पर्व के माध्यम से ग्रामीणों ने नई फसल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मौके पर संतकुमार मरकाम, सुरेंद्र ध्रुव, टीकम ध्रुव, माणिकराम ध्रुव, अमन ध्रुव, आत्माराम, उमेश देव, शैल्य नेताम, नरसिंग मरकाम, संतोष ध्रुव मौजूद थे।

सहायिका भर्ती 6 तक

धमतरी। एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र चारभाठा (कमरौद) में सहायिका भर्ती के लिए संबंधित ग्राम की निवासी महिला से 6 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

फसल सहेजने में जुटे किसान, गंगरेल से पानी छोड़े जाने की संभावना

दिखने लगा चक्रवात 'अर्नब' का असर, आज भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रशासन ने जारी किया अलर्ट, नदी नालों से दूर रहने की सलाह



अगले 24 घंटे में धमतरी सहित गरियाबंद, बीजापुर, बस्तर, कोंडगांव, दंतेवाड़ा और सुकमा जिले में भारी वर्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया गया है। उधर जिला प्रशासन ने भी ज्यादा बारिश की स्थिति में गंगरेल से पानी छोड़े जाने की संभावना जताते हुए लोगों से सावधान रहने की अपील की है।



पूरे जिले में चक्रवात अर्नब का असर दिखना शुरू हो गया है। मंगलवार को सुबह से आसमान पर बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र से जारी अलर्ट के अनुसार चक्रवात का असर और खतरनाक होगा। इसके प्रभाव से आगामी दिनों में क्षेत्र में भारी वर्षा, तेज हवाएं तथा गरज-चमक के साथ मौसम के प्रभावित होने की आशंका है। यह स्थिति केवल धमतरी नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में है। इसे लेकर लोगों को सावधान किया जा रहा है। गांव -गांव में मुनादी कराई जा रही है। किसानों को फसल को सुरक्षित करने और पानी निकासी की व्यवस्था दुरूस्त करने की सलाह दी गई है। किसान भी मौसम को देखते हुए सावधान हो गए हैं। जिन किसानों ने धान की कटाई कर ली थी, वे खरही बनाकर ढंक रहे हैं। वहीं अधिकांश किसानों ने अभी धान की कटाई और मिंजाई टाल दी है।

जलप्रवाह वाले क्षेत्रों से दूर रहें

जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को नदी, नालों, पुल-पुलियों तथा जलप्रवाह वाले क्षेत्रों के आसपास जाने से बचने की सलाह दी है। बच्चों और युवाओं को नदी-नालों में नहाने, मछली पकड़ने अथवा पानी के तेज बहाव को पार करने, पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में आवागमन से बचने कहा गया है। निचले एवं बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में रहने वाले परिवार सतर्क रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए तैयार रहने। परिवार के सदस्यों, बच्चों, वृद्धजनों और पशुओं की सुरक्षा का ध्यान रखने की एडवाइजरी जारी की गई है।

बांधों की निगरानी

चक्रवात की संभावना को देखते हुए जलाशयों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। संभावित भारी वर्षा, कैचमेंट एरिया से पानी की आवक बढ़ने तथा जलस्तर में वृद्धि होने की स्थिति में गंगरेल बांध से किसी भी समय अधिक मात्रा में पानी छोड़ा जा सकता है। लोगों से विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार गंगरेल का वर्तमान जलस्तर 345.03 मीटर है, जबकि 348.70 मीटर तक पानी भरा जा सकता है। अभी बांध से 5,904 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसी प्रकार दुधावा बांध का वर्तमान जलस्तर 424.03 मीटर है। यहां 425.12 मीटर तक पानी स्टोर किया जा सकता है। मुरूमसिल्ली बांध में 90.72 प्रतिशत पानी हैं। सोंढूर बांध का वर्तमान जलस्तर 469.71 मीटर है। यहां पर 471.065 मीटर तक पानी भरा जा सकता है।

मोबाइल देखने पर विवाद, बड़े भाई ने छोटे भाई की कर दी हत्या

- मोबाइल देखने की बात पर दोनों भाइयों के बीच हुआ था विवाद
- खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


मृतक छोटा भाई


आरोपी बड़ा भाई

मोबाइल देखने की बात को लेकर दो भाइयों के बीच हुए विवाद में छोटे भाई की मौत होने के मामले में खल्लारी पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम फरसगांव निवासी कैलाश सोरी पिता जैतराम उम्र 19 वर्ष एवं उसका छोटा भाई कुंदन सोरी उम्र 16 वर्ष रविवार की रात्रि खाना खाने के बाद घर के आंगन में बैठकर मोबाइल देख रहे थे। इसी दौरान मोबाइल देखने की बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान बड़े भाई कैलाश सोरी ने डंडे से छोटे भाई कुंदन सोरी के सिर एवं पीठ पर वार कर दिया। इससे कुंदन जमीन पर गिर गया। उसके माथे एवं पैर में भी चोट आई। घटना में कुंदन की मौत हो गई।

सूचना मिलने पर थाना खल्लारी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

डॉक्टर से प्राप्त शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक पाए जाने पर खल्लारी थाना में धारा 103 बीएनएस हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बड़े भाई कैलाश सोरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

बड़ी बहन की बहादुरी और ग्रामीणों के शोर मचाने पर महिला को छोड़कर भागा तेंदुआ

पानी भरते समय तेंदुए ने किया हमला, घसीटकर ले जाने लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- घायल महिला नगरी के अस्पताल में भर्ती

ग्राम पंचायत बांसपानी के आश्रित ग्राम टेमलीपारा में तेंदुए के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। दुधावा बांध के किनारे पहाड़ की तलहटी में बसे इस गांव में शाम करीब 6 बजे ग्रामीण घरों के सामने नल-जल योजना के तहत पानी भर रहे थे। इसी दौरान अचानक पहाड़ की ओर से आए तेंदुए ने 45 वर्षीय शांति मरकाम पिता सोनसिंह पर हमला कर दिया और उसे घसीटकर ले जाने लगा।



जानकारी के अनुसार शांति मरकाम अपनी बड़ी बहन कुमारी बाई के साथ रहती हैं। तेंदुए ने जब शांति पर हमला कर उसे घसीटना शुरू किया, तब उनकी बड़ी बहन ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शोर मचाया और तेंदुए की ओर दौड़ी। आसपास के ग्रामीण भी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचने लगे। लोगों के शोर मचाने और एकजुट होकर आगे बढ़ने पर तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया।

तेंदुए के हमले से शांति मरकाम के गले के पास और सिर पर चोटें आई हैं। इसके अलावा शरीर पर तेंदुए के नाखूनों से गहरे घाव हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। इस दौरान पूर्व सरपंच रामसिंह, संग्राम जूरी, सहदेव वट्टी, विदेश नाग, देवचंद सहित ग्रामीणों ने सहयोग किया। बीटगार्ड लोमेश साहू और डिप्टी रेंजर ऋषि कुमार मेश्राम सहित अन्य कर्मचारियों ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

ग्रामीणों में दहशत, सुरक्षा की मांग

गांव के पास पहाड़ी और जंगल होने के कारण ग्रामीणों में तेंदुए की मौजूदगी को लेकर भय का माहौल है। शाम के समय घरों के सामने पानी भरते वक्त हुई इस घटना ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

छात्रावास अधीक्षकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- संसाधन, निर्धारित कार्य समय और साप्ताहिक अवकाश की व्यवस्था करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छात्रावासों में पर्याप्त संसाधनों, आवश्यक सुविधाओं एवं कार्य संचालन के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण छात्रावास अधीक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं अधीक्षकों को छुट्टी भी नहीं मिलती है। इन समस्याओं को लेकर अधीक्षक संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ के सदस्य कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने बताया कि छात्रावासों में संसाधनों की कमी अधीक्षकों के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। संघ लंबे समय से इन समस्याओं के समाधान की मांग कर रहा है। संघ का कहना है कि छात्रावास अधीक्षक निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से कर रहे हैं, लेकिन उनकी सेवा शर्तों, निर्धारित कार्य समय, साप्ताहिक अवकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का अब तक उचित निराकरण नहीं हो पाया है। संघ ने शासन एवं विभाग से मांग की है कि अधीक्षक संवर्ग की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उनका शीघ्र निराकरण किया जाए। यदि मांगों का समाधान नहीं किया जाता है, तो संघ 12 नवंबर को एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल करेगा। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती है छात्रावास अधीक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।

विद्युत ठेकेदार की मनमानी से कर्मचारियों में आक्रोश

- समय पर वेतन, बोनस न मिलने पर कर्मचारियों ने सौंपा शिकायत ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड धमतरी डिवीजन अंतर्गत ड्राइवर एफओसी, लाइन मेनटेनेंस कर्मचारियों ने विद्युत ठेकेदार में तन्ना इलेक्ट्रिकल बीरगांव रायपुर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने जिलाधीश तथा श्रम अधिकारी को शिकायत आवेदन सौंपा है जिसमें ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किए जाने तथा सभी कर्मचारियों का बकाया वेतन, ईएसआईसी और ईपीएफ राशि दिलाने की मांग की है।

ठेका कर्मचारी रोमलाल निर्मलकर सहित दर्जनों की संख्या में मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि नियमानुसार हर महीने की 7 तारीख तक वेतन भुगतान करना अनिवार्य है, लेकिन ठेकेदार द्वारा दो से तीन माह बीतने के बाद केवल एक माह का वेतन दिया जा रहा है। श्रम विभाग के नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम वेतनदर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों को कर्मचारी राज्य बीमा नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारियों का ईपीएफआई ब्लाक कर दिया गया है। पिछले तीन माह से ईपीएफ की राशि जमा नहीं हो रही है। श्रम नियम के अनुसार 20 से अधिक कर्मचारी होने पर लेबर लाइसेंस लेना अनिवार्य है। ठेकेदार के अंडर लगभग 150 कर्मचारी कार्यरत होने के बावजूद लेबर लाइसेंस नहीं लिया है। अत्यंत जोखिम भरे विद्युत कार्यों के दौरान ठेकेदार या विद्युत विभाग कोई भी सुरक्षा उपकरण, पहचान पत्र या जोखिम बीमा उपलब्ध नहीं कराया गया है। विरोध करने पर काम से निकालने की धमकी दी जाती है।

कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह एवं नियम विरूद्ध कार्य करने वाले ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई करते हुए ब्लैक लिस्ट किए जाए और मजदूरों का रूका हुआ वेतन एवं योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।

मुख्यमंत्री साय के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा

किसान संघ ने किया दाम सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसान भुगतान यात्रा निकालकर किया कलेक्टोरेट का घेराव



मंगलवार को प्रदेश किसान संघ तथा छग किसान यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में दाम सत्याग्रह अंतर्गत किसान भुगतान यात्रा निकाली गई। किसानों ने जनपद पंचायत के पास धरना प्रदर्शन करने के बाद नारेबाजी और पोस्टर प्रदर्शन करते हुए कलेक्टोरेट का घेराव किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने ज्ञापन में कहा है कि किसान नीतिगत विसंगतियों के कारण विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। किसानों के हित में खाद की कालाबाजारी रोकने, समुचित मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, किसानों के घर में छापामारी, फोटोग्राफी बंद कर सम्मानजनक धान खरीदने, अतिवर्षा तथा अल्पवर्षा से प्रभावितों को आपदाग्रस्त घोषित कर राहत देने, बिजली कटौती बंद करने, कृषि उपज मंडी में आढ़त प्रथा बंदकर समर्थन मूल्य पर बोली, सब्जी मंडी में 10 प्रतिशत कमीशन पर नियंत्रण, वनोपज, औषधि मंडियां स्थापित कर वनोपज संग्राहकों का शोषण रोकने, हसदेव एवं नंदराज पहाड़ को उजाड़ने वाली कार्रवाई पर रोक लगाने, रोजगार मूलक कार्यों को खेती से जोड़ने, लंबित बीमा दावों का भुगतान, राज्य प्रायोजित बीमा योजना लागू करने, सूदखारों एवं निजी बैंकों द्वारा किसानों की जमीन हड़पने के खिलाफ कार्रवाई, कृषि भूमि के लिए टिकाउ सिंचाई विस्तार, किसानों का बकाया 6066 करोड़, समर्थन मूल्य का लाभ देते हुए प्रति क्विंटल 3358 रूपये की दर से धान खरीदी तथा समर्थन मूल्य गारंटी कानून पास करने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू, रामनिहोरा निषाद, महावीर साहू, मनहरण साहू, मधुराम साहू, हनुमान सिन्हा, श्रीराम साहू सहित अनेक किसान मौजूद थे।

हाउसिंग बोर्ड की री-डेवलपमेंट परियोजना को कैबिनेट की मंजूरी

रुद्री में आवासीय एवं व्यावसायिक विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले के रुद्री क्षेत्र में आवासीय एवं व्यावसायिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट बैठक में रुद्री स्थित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की री-डेवलपमेंट परियोजना को मंजूरी मिलने से क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं साकार होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस परियोजना के माध्यम से पुरानी एवं अनुपयोगी भूमि का बेहतर उपयोग करते हुए आवासीय सुविधाओं के विस्तार, व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित करने की परिकल्पना की गई है।

कार्यपालन अभियंता महेंद्र कुमार नरेटी ने बताया कि प्रस्तावित योजना के अनुसार सिंचाई विभाग की लगभग 3.5 हेक्टेयर भूमि में से करीब 2 हेक्टेयर क्षेत्र में आवासीय और व्यावसायिक परिसर विकसित किया जाना है। योजना में कुल 82 स्वतंत्र मकानों का निर्माण प्रस्तावित है। इनमें मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के 45 तथा निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के 37 मकान शामिल हैं। इसके साथ ही दो मंजिला व्यावसायिक परिसर में 40 दुकानों के निर्माण की योजना है। परियोजना में सिंचाई विभाग के कार्यालय, प्रयोगशाला तथा आठ एच-टाइप आवासों के पुनर्निर्माण का प्रावधान भी प्रस्तावित है।

यह परियोजना रुद्री क्षेत्र में उपलब्ध भूमि के सुव्यवस्थित उपयोग, आधुनिक आवासीय सुविधाओं के विकास और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को गति देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मकानों और दुकानों के निर्माण से निर्माण गतिविधियों में रोजगार के अवसर पैदा होने के साथ भविष्य में व्यापार, सेवा क्षेत्र तथा आसपास की आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिल सकता है।

विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि रुद्री क्षेत्र में प्रस्तावित री-डेवलपमेंट परियोजना धमतरी के सुनियोजित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे शासकीय भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के साथ नागरिकों को आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा।

सुनियोजित विकास और बेहतर अधोसंरचना पर जोर

रुद्री क्षेत्र धमतरी शहर के समीप स्थित होने के साथ गंगरेल जलाशय की निकटता के कारण भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में प्रस्तावित परियोजना से आवासीय विकास के साथ क्षेत्र में व्यवस्थित व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं बनेंगी। योजना के क्रियान्वयन के दौरान आंतरिक सड़क, आवागमन, जलापूर्ति, जल निकासी, स्वच्छता तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं का समुचित नियोजन महत्वपूर्ण होगा।

सपरिवार जेल भरो आंदोलन की चेतावनी

- बीट बंटवारा को लेकर पांच गांवों के ग्रामीण बड़े आंदोलन की तैयारी में

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरी तहसील के ग्राम कौहाबाहरा सहित पांच गांवों के ग्रामीण सपरिवार जेल भरो आंदोलन करेंगे। सोमवार को कौहाबाहरा, उमरादेहान, छुहीभर्री, कुसुमभर्री, बोइरनाला और बोदलवंडी के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें चार सूत्रीय मांगों को लेकर जेल भरो आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

कौहाबाहरा दुगली क्षेत्र के पांच गांवों के प्रतिनिधिमंडल के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण शिवप्रसाद नेताम, मोहितराम, हरिकलाल, सुकलाल, रामभरोसा सिन्हा, घसियाराम, सहदेव, छन्नूराम मरकाम ने बताया कि ग्राम कौहाबाहरा, उमरादेहान, छुहीभर्री, कुसुमभर्री, बोइरनाला और बोदलवंडी गांव के अंतर्गत बीट कक्ष क्रमांक के अनुसार नियमानुसार एवं निष्पक्ष बीट बंटवारा नहीं किए जाने के कारण हजारों आदिवासी वर्षों से गंभीर प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर 8 अक्टूबर 2026 को चक्काजाम किया था। प्रशासनिक आश्वासन के अनुरुप 20 दिनों के भीतर बीट बंटवारे की समस्या का निराकरण किया जाना था। निराकरण नहीं होने की दशा में आदिवासी एवं ग्रामीण सपरिवार द्वारा सामूहिक जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक उदासीनता तथा टालमटोल से क्षुब्ध होकर पांचों गांव के पंच, सरपंच प्रबुद्धजनो एवं ग्रामीणों की महापंचायत उमरादेहान में हुई है जिसमें जेल भरो आंदोलन की सर्वसम्मति बनी है।

प्रमुख चार सूत्रीय मांग

पांचों गांव में बीट बंटवारे के गंभीर मुद्दे के साथ वन अधिकार पत्र प्रदान करने, उमरादेहान, छुहीभर्री, कुसुमभर्री, बोइरनाला, बोदलवंडी को विधिवत रुप से राजस्व ग्रामीण घोषित करने, सभी गांवों में बिजली, पानी, सड़क और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने विद्युतीकरण कार्य पुनः शुरु कराने की मांग है।

खबर संक्षेप

छात्रों ने आकर्षक मॉडल से दिखाई वैज्ञानिक सोच और नवाचार

धमतरी। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य देवनाथ साहू के निर्देशन तथा सीमा देवांगन, दीप्ति सोनी, जीवन लाल साहू, ज्योति साहू एवं प्रीति बाला नेताम के मार्गदर्शन में हुआ।

निधन

श्रीमती बेदीगिरी गोस्वामी

जीजामगांव। ग्राम जुगदेही (सिलौटी) निवासी श्रीमती बेदीगिरी गोस्वामी का 27 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। वह लगभग 95 वर्ष की थी। वे रोशनगिरी, सुरेंद्रगिरी एवं ज्ञानेंद्रगिरी गोस्वामी की मां थी। समाधि कार्यक्रम आज 28 अक्टूबर को गृहग्राम जुगदेही में होगा।



बिष्णुराम साहू

सिर्री। ग्राम अटंग निवासी बिष्णुराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक उम्र 87 वर्ष का निधन 27 अक्टूबर मंगलवार को हो गया। वे खेदीन साहू के पति और दीनदयाल, नरेंद्र, रूपेंद्र, डा. द्वारिका, इंद्रकुमार साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।



वनोपज मंडी में औषधीय उत्पादों के कारोबार को मिल रहा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्यामतराई स्थित कृषि उपज मंडी में वनोपज एवं अन्य औषधीय उत्पादों के क्रय-विक्रय की परंपरा को नए सिरे से प्रोत्साहन मिल रहा है। यहां प्रत्येक सोमवार को लगने वाली वनोपज मंडी में धमतरी सहित आसपास के जिलों के संग्राहक, किसान और स्व-सहायता समूह अपने उत्पाद लेकर पहुंच रहे हैं।

बीते 19 अक्टूबर को अवकाश होने के कारण वनोपज मंडी में कारोबार नहीं हुआ था। इसके स्थान पर बुधवार 21 अक्टूबर को क्रय-विक्रय किया गया। इसके बाद सोमवार 26 अक्टूबर को मंडी में फिर से वनोपज एवं औषधीय उत्पादों की खरीद-बिक्री हुई। आज दो व्यापारियों ने इन उत्पादों की खरीदी की, जिनका कुल मूल्य 60 हजार रुपये से अधिक रहा।

स्थानीय सहित आसपास के जिलों से पहुंच रहे वनोपज संग्राहक और स्वसहायता समूह

सोशल मीडिया से मिली मंडी की जानकारी

मंडी में कांकेर जिले के ग्राम गीतपहर से पहुंचे घनश्याम जैन ने बताया कि वे हर्रा, बैचांदी, कयाफल, निशोध जड़ी और रागी सहित अन्य उत्पाद बेचने पहली बार यहां आए हैं। उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस मंडी की जानकारी मिली। यहां अपने वनोपज उत्पादों को बेचने का अनुभव अच्छा रहा है।



बनाई जाती है पारंपरिक औषधि

कोंडागांव जिले के माकड़ी से किरण महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी पहली बार अपने उत्पाद लेकर श्यामतराई पहुंचीं। समूह की महिलाओं ने केउ कांदा, मालकामनी, नागरमोथा, हर्रा, बेहड़ा, जामुन की पत्तियां, कडु कांदा और मिसोध जड़ जैसे उत्पाद बिक्री के लिए प्रस्तुत किए। इनमें से कुछ उत्पादों का उपयोग पारंपरिक औषधि तैयार करने में किया जाता है।

18 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा

बालोद जिले के मुड़खुसरा गांव से आए शम्भूराम ठाकुर ने बताया कि वे हर्रा, इरानी अकलतरा और अश्वगंधा की जड़ सहित अन्य वनोपज लेकर पहुंचे थे। उन्होंने हर्रा के 10 किग्रा उत्पाद को 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से बेचा। श्री ठाकुर ने उम्मीद जताई कि मंडी में कारोबार बढ़ने के साथ आने वाले समय में वनोपज संग्राहकों को अधिक लाभ मिल सकेगा।

धमतरी मुख्य मार्ग किनारे बड़े पेड़ों की कटाई, इमारती लकड़ी चिरान की जांच की मांग

वन सुरक्षा पर उठ रहे सवाल : फेंसिंग तार तोड़कर वनभूमि पर कर रहे निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

डमकाडीही के मुख्य सड़क के किनारे बड़े-बड़े पेड़ों की कटाई और इसके बाद संबंधित स्थल पर पक्का निर्माण किए जाने की तैयारी का मामला सामने आया है। वहीं सामान्य वनमंडल नगरी अंतर्गत जंगलों की सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग तार को कथित रूप से तोड़कर निकालने और वन क्षेत्र में निर्माण गतिविधियां किए जाने की बात भी सामने आ रही है। इन घटनाओं ने वन संपदा की सुरक्षा और विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र में छोटे पौधों और जंगलों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से फेंसिंग कराई गई थी, ताकि वन भूमि पर अतिक्रमण न हो और पौधों को नुकसान से बचाया जा सके। लेकिन स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ कब्जाधारियों द्वारा फेंसिंग तार को तोड़कर निकाला जा रहा है। इसके बावजूद संबंधित क्षेत्र में निगरानी और कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

इधर, धमतरी मुख्य मार्ग के किनारे बड़े पेड़ों की कटाई के बाद निर्माण कार्य की तैयारी किए जाने की बात सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुछ इमारती लकड़ियों को आरा मशीन से भी काटा गया है। यदि इन गतिविधियों की पुष्टि होती है, तो यह वन संपदा की सुरक्षा और शासकीय भूमि पर संभावित अतिक्रमण के लिहाज से गंभीर मामला हो सकता है।

फेंसिंग की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी ?

वन क्षेत्र में पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग पर खर्च किया जाता है, लेकिन यदि उसी फेंसिंग को तोड़कर तार निकाले जा रहे हैं, तो उसकी निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठ रहा है कि क्षेत्र में तैनात वन चौकीदार, बीट गार्ड और डिप्टी रेंजर को इन गतिविधियों की जानकारी क्यों नहीं मिल रही है ? यदि जानकारी है, तो अब तक क्या कार्रवाई की गई है? वन संपदा की सुरक्षा के लिए मैदानी कर्मचारियों की नियमित गश्त और अतिक्रमण पर समय रहते कार्रवाई जरूरी है। ऐसे में मुख्य मार्ग के किनारे पेड़ों की कटाई, फेंसिंग तार निकाले जाने और संभावित निर्माण की निष्पक्ष जांच किए जाने की आवश्यकता है।

टीचर्स एसो. ने रामलीला में आग से झुलसे युवक की मदद की



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

रामलीला कार्यक्रम के दौरान आग से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हुए हेमंत ध्रुव के उपचार में सहयोग के लिए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा नगरी के शिक्षक आगे आए हैं। एसोसिएशन के शिक्षकों ने उनके इलाज में होने वाले खर्च के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। घटना के दो दिन बाद ही संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हेमंत ध्रुव के घर जाकर उनकी माता को सहयोग राशि सौंपी।

एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, सचिव टीकमचंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू एवं जिला प्रवक्ता कैलाश सोन ने बताया कि एसोसिएशन विगत नौ वर्षों से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संगठन ने सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए संकटग्रस्त परिवारों और जरूरतमंदों के लिए आर्थिक सहयोग की परंपरा विकसित की है।

मौके पर देवेंद्र साहू, मानसिंह साहू, पवन साहू, किशोर नवरंग, रोशन सार्वा, राजकुमार शील, कामेश्वर साहू, सिद्धेश्वर साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

विद्यार्थियों ने मॉडल के जरिए दिखाई वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रतिभा

- पीएम श्री सेजेस भैंसमुंडी में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

पीएम श्री सेजेस विद्यालय भैंसमुंडी में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित विषय से संबंधित विभिन्न मॉडलों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच और नवाचार की प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवानंद गौतम, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके ध्रुव तथा पीएम श्री सेजेस विद्यालय भैंसमुंडी के प्राचार्य एनके धीवर उपस्थित थे। अधिकारियों ने इस प्रकार के आयोजन को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता और प्रयोगात्मक ज्ञान विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। निर्णायक शालिनी साहू, सुनीति साहू, हरि साहू, कुलदीप साहू, यादराम साहू, जियाउद्दीन मुगल एवं जितेंद्र साहू थे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के मॉडलों का विभिन्न मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं गणित के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा सीखने की प्रक्रिया को अधिक व्यावहारिक और रोचक बनाना रहा।

कबड्डी में निपानी और मतवारी दुर्ग ने मारी बाजी

- बगदेही में हुई ग्रामीण एवं राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम बगदेही में सीजी स्टार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण एवं राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें ग्रामीण स्तर की 37 और राज्य स्तर की 18 टीमों ने हिस्सा लिया। ग्रामीण स्तर पर निपानी ने प्रथम, सौराबांधा ने द्वितीय और भेंडरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राज्य स्तरीय मुकाबले में मतवारी दुर्ग की टीम प्रथम, रायपुर द्वितीय, तरसींवा तृतीय और गागरा की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। सभी विजेता टीमों को आकर्षक मेडल एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।



प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष यश चंद्राकर थे। अध्यक्षता पूर्व सरपंच रामचंद्र साहू एवं सरपंच अनुसुइया ध्रुव ने की।

मौके पर समिति के अध्यक्ष ललित ध्रुव, योगेश, सुमेश, हुमन साहू, देवेंद्र ध्रुव, गिरीश ध्रुव, भूपेश साहू, प्रवीण ठाकुर, थानेश और गणेश, करण ध्रुव, माधव देवदानी, घनश्याम साहू, जितेंद्र साहू, ईश्वर साहू, लिनेश साहू, बांके बिहारी, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

लोकतंत्र बचाओ, भीड़ तंत्र हटाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



नगरी। लोकतंत्र बचाओ, भीड़ तंत्र हटाओ अभियान के तहत कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर देऊरपारा में भाजपा मंडल नगरी की मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में अभियान के उद्देश्यों, संगठन की भूमिका और जन-जन तक अभियान का संदेश पहुंचाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख वक्ता नागेंद्र शुक्ला एवं मोहन नाहटा ने अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने तथा अभियान के संदेश को आम जनता तक पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन दिया। मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, रवि दुबे, कमल डागा, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेशनाथ गोसाईं, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुलोचना साहू, चालेश्वरी साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यशाला में रामगोपाल साहू, रूमलाल, सुरेंद्र साहू, लव साहू, शशिभूषण साहू, भुवनेश्वर धृतलहरे, नीलम साहू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय कार्यशाला में प्रमोद ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

- कला एवं नवाचारों को मिली सराहना

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में पीएम श्री स्कूल अरौद के शिक्षक प्रमोद कुमार ध्रुव के कला कौशल एवं नवाचारों की सराहना की गई।

7 से 16 अक्टूबर तक आयोजित कार्यशाला का मुख्य विषय विद्यालयी शिक्षा में हस्तकला कौशल का समावेश था। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कला आधारित शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर जोर दिया गया। प्रमोद ध्रुव ने पारंपरिक हस्तकला, मृदा शिल्प, मूर्तिकला, नवाचार मॉडल तथा हारमोनियम वादन का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों को विद्यार्थियों के कौशल विकास और कला-संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाने में उपयोगी बताया गया।



कार्यशाला में आयोजित राज्य संस्कृति प्रस्तुति के दौरान छत्तीसगढ़ के दल ने राजकीय गीत, मोर संग चलव, पंडवानी गायन, गंगा गीत सहित राउत नाचा, पंथी, करमा, सुआ, देवी गीत, रेला पाटा बिहाव और गौरा-गौरी के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों से देशभर से आए प्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति से परिचित होने का अवसर मिला।

इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवानंद गौतम, बीआरसी ठाकुर, प्रधानाचार्य पुष्पलता यादव, संकुल प्राचार्य विजय टंडन, संकुल समन्वयक कुलेश्वर, शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

कन्या महाविद्यालय में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का सामूहिक वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य अनिता राजपुरिया के मार्गदर्शन में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का सामूहिक वाचन किया गया। सामूहिक प्रतिज्ञा के माध्यम से सभी ने अपने कार्यों एवं व्यक्तिगत आचरण में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य-सहिष्णुता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। छात्राओं ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने और अपने आसपास के लोगों को भी नैतिक मूल्यों एवं सत्यनिष्ठा के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा संबंधी जागरूकता, छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी, जागरूकता व्याख्यान एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम आदि शामिल हैं।



बीमार शिक्षकों को 20-20 हजार और आश्रितों को 15-15 हजार रुपए का चेक

मेडिकल रिलीफ फंड से छह शिक्षक परिवारों को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संयुक्त शिक्षक संघ कल्याण समिति कुरुद द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड के माध्यम से गंभीर बीमारी और दुर्घटना से जूझ रहे शिक्षक सदस्यों तथा उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। समिति की इस पहल के तहत तीन अस्वस्थ शिक्षकों को 20-20 हजार रुपये और तीन अन्य शिक्षकों के आश्रितों को 15-15 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए।

आकस्मिक दुर्घटना एवं लंबी बीमारी के चलते शासकीय माध्यमिक शाला भेलवाकूदा की शिक्षिका मीरा चंद्राकर, शासकीय हाईस्कूल फुसेरा के व्याख्याता डिकेश साहू तथा शासकीय माध्यमिक शाला चर्रा की शिक्षिका केशर सिन्हा को उपचार हेतु 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। इसके अलावा लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे नवीन प्राथमिक शाला दर्रा के सहायक शिक्षक हेमलाल साहू, प्राथमिक शाला कठौली के सहायक शिक्षक यशवीर जांगड़े और माध्यमिक शाला सिलीडीही के शिक्षक लालबहादुर साहू के परिजनों को 15-15 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए।

इस दौरान रिलीफ फंड अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद, संयुक्त शिक्षक संघ अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष भावना द्विवेदी, कोष प्रभारी मिथिलेश कंवर, उपाध्यक्ष द्वय चैनसिंह साहू व हरीश निर्मलकर, संयोजक भागवत मनहर, डामेंद्र साहू और यशवंत सिन्हा सहित समिति के कई शिक्षक सदस्य उपस्थित थे।



शिक्षकों का मानवीय प्रयास

नगरपालिका परिषद कुरुद की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर एवं वंदे मातरम समिति के अध्यक्ष भानू चंद्राकर के हाथों हितग्राहियों को चेक सौंपे गए। अतिथियों ने इस पहल को अनुकरणीय और परमार्थ का कार्य बताते हुए कहा कि संकट की घड़ी में अपने ही साथियों के सहयोग से बना यह फंड शिक्षक परिवारों के लिए बड़ा संबल साबित हो रहा है। उन्होंने सभी अस्वस्थ शिक्षकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

Pride of Dhamtari





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंचरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



खबर संक्षेप

प्राचार्य सौम्या पांडे सावित्री देवी पुरस्कार से सम्मानित

जगदलपुर। भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ की ओर से बस्तर वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल सौम्या पांडे को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सावित्री देवी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सम्मान हुआ।

गोवर्धन पूजा पर स्थानीय अवकाश को परिवर्तित करने की मांग

जगदलपुर। कलेक्टर बस्तर के द्वारा अपने आदेश 11 फरवरी के तहत 9 नवंबर को सम्पूर्ण बस्तर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग नवा रायपुर के आदेश 26 अक्टूबर के तहत गोवर्धन पूजा को सामान्य अवकाश घोषित कर दिया गया है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने जिला बस्तर ने कलेक्टर बस्तर को पत्र लिखकर 9 नवम्बर गोवर्धन पूजा के स्थानीय अवकाश को परिवर्तित कर 20 नवम्बर को तुलसी विवाह पर्व की स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग की है।

ओडिशा से मक्का की अवैध खेप लेकर पहुंचा वाहन को मंडी टीम ने पकड़ा

जगदलपुर। कृषि उपज मंडी समिति कोंडागांव के निरीक्षण दल ने शनिवार सुबह अवैध कृषि उपज परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 108 क्विंटल मक्का जब्त किया। कोंडागांव-उमरकोट मार्ग पर ग्राम एरला स्थित वनोपज जांच नाका के पास सुबह लगभग 7 बजे जांच के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 2010 को रोका गया। जांच में वाहन में अधिसूचित कृषि उपज मक्का के 180 पैकेट मिले, जिनका कुल वजन 108 क्विंटल था। प्रारंभिक जांच में मक्का का परिवहन ओडिशा प्रांत की ओर से अवैध रूप से किया जाना पाया गया। निरीक्षण दल ने मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत तत्काल जब्ती प्रकरण तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई की। मामले में मंडी अधिनियम की धारा 19(4) के तहत मंडी शुल्क, निराश्रित शुल्क, कृषक कल्याण शुल्क एवं समझौता शुल्क सहित 30374 रुपए की वसूली की गई।

11 किलो गांजा के साथ पहले पकड़े गए थे दो तस्कर

ओडिशा से एमपी गांजा सप्लाई करने वाला फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ओडिशा से मध्यप्रदेश गांजा की सप्लाई करने वाले फरार मुख्य आरोपी को बोराई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 15 सितंबर को बोराई पुलिस द्वारा पुलिस बैरियर नाका पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान उमरकोट से धमतरी की ओर आ रही भवानी ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 04 ईए 2476 को रोककर तलाशी ली गई। बस में सवार दो संदिग्ध यात्रियों के बैग की



जांच करने पर खाकी टेप से लिपटे बंडलों में 11 किलो 33 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत 2 लाख 20 हजार रुपये बताई गई।

पुलिस ने मध्यप्रदेश के देवास जिले के निवासी निखिल वर्मा उम्र 26 वर्ष और मोहित गोदारा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से गांजे के अलावा दो मोबाइल फोन और 2,350 रुपये नकद भी जब्त किए गए थे। जब्त संपत्ति की कुल कीमत 2 लाख 32 हजार 350 रुपये आंकी गई थी। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पूछताछ में सामने आया मुख्य सप्लायर का नाम

मामले की विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि वे गांजा ओडिशा के उमरकोट निवासी कमलेश सरदार से खरीदकर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे। घटना के बाद से ही कमलेश फरार चल रहा था। बोराई पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमलेश सरदार पिता कार्तिक सरदार उम्र 46 वर्ष, निवासी यूवी-09 बुजरा पुजारीगुड़ा थाना उमरकोट जिला नवरंगपुर, ओडिशा के रूप में हुई है। थाना बोराई में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) में मामला दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी के परिजनों को सूचना दी और उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

दो छात्रावासों की जिम्मेदारी एक अधीक्षक पर

- रिसगांव में चपरासी के भरोसे संचालन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड में आदिवासी विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित छात्रावासों की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। एक ओर नगरी मुख्यालय में 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का विशाल भवन उपलब्ध है, वहीं दूसरी ओर दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में संचालित छात्रावासों की नियमित निगरानी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। आरोप है कि दो छात्रावासों की जिम्मेदारी एक ही अधीक्षक के पास होने के कारण रिसगांव स्थित छात्रावास का संचालन चपरासी के भरोसे हो रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों की देखरेख और छात्रावास की दैनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नगरी मुख्यालय में वर्ष 2021 में 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास भवन का निर्माण किया गया था। इसका उद्देश्य नगरी अंचल के दूरस्थ गांवों से आने वाले गरीब एवं जरूरतमंद आदिवासी विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना है। विकासखंड में प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास रिसगांव में 35 विद्यार्थी तथा प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास सांकरा में 36 विद्यार्थी निवासरत बताए जा रहे हैं। वहीं पी - मैट्रिक बालक बालक छात्रावास रिसगांव में लगभग 35 विद्यार्थी हैं। इसके अलावा सांकरा का पी-मैट्रिक बालक छात्रावास भवन जर्जर होने के कारण नगरी मुख्यालय स्थित 250 सीटर भवन में संचालित हो रहा है।

जिम्मेदारी तय करने की जरूरत

इस मामले में संबंधित अधीक्षक से जब नगरी मुख्यालय में रहने और रिसगांव स्थित छात्रावास की देखरेख के संबंध में जानकारी मांगी गई, तो उन्होंने विस्तृत जानकारी के लिए मंडल संयोजक से संपर्क करने की बात कही।

20 किमी दूर छात्रावास

बताया जा रहा है कि रिसगांव स्थित पी मैट्रिक बालक छात्रावास नगरी मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर वनांचल क्षेत्र में संचालित है। संबंधित अधीक्षक का अधिकांश समय नगरी मुख्यालय में रहने की बात सामने आ रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि दूरस्थ छात्रावास में विद्यार्थियों की नियमित देखरेख, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण और अन्य जरूरी सुविधाओं की निगरानी किस तरह की जा रही है। यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि अधीक्षक की नियमित अनुपस्थिति में छात्रावास की जिम्मेदारी चपरासी के भरोसे रहती है।

विधायक के निरीक्षण के बाद भी व्यवस्था पर सवाल

कुछ दिन पहले क्षेत्रीय विधायक ने नगरी स्थित 250 सीटर अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान छात्रावास की व्यवस्थाओं और विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। विधायक ने विद्यार्थियों से संवाद कर दैनिक गतिविधियों, अध्ययन व्यवस्था, भोजन, बिजली, खेल सामग्री सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली थी। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधीक्षक ने चार छात्रावासों की देखरेख की जिम्मेदारी होने की बात कही थी।

भाजपाइयों ने स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत का लिया संकल्प



- अछोटा में भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास पर सुनी गई मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 139वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण अछोटा में भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन के निवास पर किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मन की बात के 12 वर्षों के सफर का उल्लेख करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम देशवासियों से जुड़ने और समाज में हो रहे सकारात्मक बदलावों को सामने लाने का सशक्त माध्यम बना है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने, आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन, जिला मंत्री हेमंत चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, बूथ अध्यक्ष गिरधारी देवांगन, मंडल महामंत्री चंद्रहास जैन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र चक्रधारी, तामेश्वरी देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

मामला दर्ज करने की मांग पर परिवार सहित आमरण अनशन पर बैठीं नमिता



- जातिगत गाली-गलौज और धमकी का आरोप, एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम खिसोरा की नमिता कुर्रे अपने परिवार के साथ गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठी हैं। उन्होंने जातिगत गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी देने और राशन दुकान से लाए गए चावल वापस कराए जाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता के अनुसार घटना 6 अक्टूबर की है। उनका कहना है कि अजाक थाना और एसपी कार्यालय में लगातार शिकायत करने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की गई। एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मांग को लेकर उन्होंने आमरण अनशन शुरू किया है। पीड़िता ने स्पष्ट किया है कि मांग पूरी होने तक अनशन जारी रहेगा। उनके समर्थन में सतनामी समाज के बसपा नेता एवं शहर अध्यक्ष आशीष रात्रे, विजय सोनवानी, भागीरथी भास्कर, साहिल कुर्रे, कविता कुर्रे, सुखदेव जोशी, भीखू राम बघेल, सुमीत बघेल, टुलेंद भास्कर और टिकेश कुर्रे बैठे हैं। बसपा जिलाध्यक्ष प्रदीप जांगड़े और शानू गायकवाड़ ने भी समर्थन दिया है।

बिरगुड़ी में पानी की टंकी पर चढ़ा भालू, देखने उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले के सिहावा-नगरी वनांचल में वन्यप्राणियों की चहलकदमी से ग्रामीणों की चिंता लगातार बढ़ रही है। तेंदुए के बाद अब भालुओं की मौजूदगी भी लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। मंगलवार देर शाम बिरगुड़ी में एक भालू पानी टंकी के ऊपर चढ़ गया। भालू को टंकी पर चढ़ा देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। खास बात यह है कि टंकी के पास ही बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र का कार्यालय भी स्थित है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। भालू काफी देर तक पानी टंकी के ऊपर चढ़ा रहा। वन विभाग की टीम की काफी मशक्कत के बाद वह नीचे उतरा, लेकिन इसके बाद वन विभाग के कार्यालय परिसर और कॉलोनी की ओर चला गया। रिहायशी इलाके में भालू की अचानक मौजूदगी से लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद भालू कॉलोनी से निकलकर खेतों की तरफ भाग गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।



कोसमर्रा में बाल मेला का आयोजन

कोर्रा(भखारा)। ग्राम कोसमर्रा में बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास, उचित पोषण तथा माताओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव मजबूत करना और माताओं को बच्चों की देखभाल एवं पोषण के प्रति जागरूक करना रहा।



अंचल की खबरें

उत्कृष्ट कार्य के लिए पर्यवेक्षक तारकेश्वरी सम्मानित



धमतरी। महिला एवं बाल विकास विभाग की धमतरी ग्रामीण परियोजना में पदस्थ पर्यवेक्षक तारकेश्वरी साहू को महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि तारकेश्वरी साहू को महिला एवं बाल विकास विभाग में 16 वर्षों का कार्यानुभव प्राप्त है। उन्होंने अपने सेवाकाल के 12 वर्ष नगरी-सिहावा परियोजना के जनजातीय क्षेत्र में कार्य करते हुए बिताए हैं। विगत चार वर्षों से वे धमतरी ग्रामीण परियोजना में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरुरतमंद परिवारों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश मरकाम, प्राची शर्मा परियोजना अधिकारी ग्रामीण, उषा किरण चन्द्राकर परियोजना अधिकारी शहरी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

पाहंदा बना विजेता, उपविजेता रही मेजबान टीम



कुरुद। ग्राम तर्रागोंदी (सिलौटी) में नव ज्योति क्लब एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित एक दिवसीय रात्रिकालीन ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में पाहंदा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता, जबकि मेजबान तर्रागोंदी उपविजेता रही।

- तर्रागोंदी में कबड्डी स्पर्धा का समापन, देर रात तक डटे रहे खेल प्रेमी

समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में धमतरी सरपंच संघ जिलाध्यक्ष टिकेश साहू, साहू समाज के जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू, राजिम भक्तिन समिति उपाध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू व ब्लॉक अध्यक्ष हरिशंकर साहू उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के साथ स्वास्थ्य, अनुशासन और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। विजेता पाहंदा को 7,001 व ट्रॉफी तथा द्वितीय स्थान पर रही तर्रागोंदी को 5,001 का नकद पुरस्कार दिया गया। सिलौटी ने तृतीय स्थान और 3,001 रूपए, गातापार ने चतुर्थ स्थान के साथ 2,001 रूपए हासिल किया। इस अवसर पर गजेंद्र साहू, चोवाराम साहू, अरुण साहू, डॉ. प्यारेराम साहू, विनायक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेलप्रेमी मौजूद रहे।

बोरझरा में गरमाएगा सियासत : भाजपा के कर्मठ 50 से ज्यादा युवा दे सकते हैं सामूहिक इस्तीफा

अंवरी। छग में विधानसभा चुनाव 2028 में होना है परंतु चुनावी रंगत अभी से दिखाने लगा है। बोरझरा के 50 से ज्यादा जमीनी स्तर के युवा कार्यकर्ता पार्टी छोड़ने की तैयारी में है। पंचायत की गलत नीतियों के चलते युवा विवश होकर पार्टी छोड़ने मन बना रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से 50 लोगों ने इस्तीफा देने का ऐलान किया है। इस सामूहिक इस्तीफे से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गया है। कुरूद विधानसभा क्षेत्र के बोरझरा गांव में भाजपा को उस समय झटका लगा, जब पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से करीब 50 लोगों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ने वाले लोगों ने अपना सामूहिक इस्तीफा सौंपने की तैयारी कर ली है। हालांकि इस्तीफे के पीछे की वजहों और पार्टी नेतृत्व की प्रतिक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है। इस सामूहिक इस्तीफे को स्थानीय स्तर पर भाजपा संगठन के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व इस मामले में क्या कदम उठाता है।

लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ पर हुई कार्यशाला



धमतरी। लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान को लेकर भाजपा शहर मंडल धमतरी की कार्यशाला शहर मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल के मार्गदर्शन में हुई। मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन सदस्य एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक ठाकुर शशि पवार ने लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। सहवक्ता के रूप में शहर मंडल प्रभारी विजय साहू, सहप्रभारी कविंद्र जैन, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री श्रीमती बीथिका विश्वास, प्रदेश युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल ने भी अपने विचार रखे। मौके पर शहर मंडल महामंत्री द्वय गौरव मगर, राजीव चंद्राकर, उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल, श्रीमती नीतू त्रिवेदी, दीप्ति जाधव, खिलेश कुंभकार, शुभांक मिश्रा, राघवेंद्र साहू, पूजा कुंजाम, रुक्मणि सोनकर, पार्षद आशा लोधी, चंद्रभागा साहू, अनीता अग्रवाल, नम्रता पवार, कोमल सार्वा, धनीराम सोनकर, फिरोज हिरवानी उपस्थित थे। यह जानकारी शहर मंडल मीडिया प्रभारी विशाल त्रिवेदी ने दी।

आवारा पशुओं से कुरमातराई के ग्रामीण त्रस्त

धमतरी। ग्राम कुरमातराई के किसान आवारा पशुओं से त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर निजात दिलाने की मांग की है। सरपंच भुनेश्वरी साहू, ग्राम पटेल यश कुमार साहू, पंच लोकेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, दौलत राम, दीनदयाल साहू ने बताया कि गांव में विगत 3-4 माह से लगभग 90 आवारा पशु प्रवेश कर चुके हैं। इन जानवरों से फसल को बचाना मुश्किल हो चुका है। जानवरों के मुख्य मार्ग में बैठे रहने से आवागमन बाधित होने के अलावा आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आवारा पशुओं को शीघ्र गौशाला ले जाने या सुरक्षित स्थानों में ले जाने के लिए अनुमति मांगी।

- गौशाला में व्यवस्था करने या सुरक्षित स्थानों में ले जाने की मांगी अनुमति



खबर संक्षेप

मोहेरा में कबड्डी प्रतियोगिता आज

मगरलोड। ग्राम मोहेरा में युवा प्रकोष्ठ बड़ेपारा द्वारा एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज 28 अक्टूबर को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय 2501 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1500 रूपये दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 180 रूपये है। यह जानकारी ओमप्रकाश सेन, लोकनाथ श्रीमाली, राजेन्द्र बिसेन ने दी है।

धमतरी में बढ़ते अपराधों पर हरमीत सिंह ने जताई चिंता

धमतरी। धमतरी में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर



नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता हरमीत सिंह होरा ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत है। आए दिन चाकू-छुरी निकालकर लोगों को डराने-धमकाने और परेशान करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे आम नागरिकों में भय का माहौल बन रहा है। श्री होरा ने कहा कि धमतरी में कानून का भय अपराधियों के मन में होना चाहिए, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में कुछ असामाजिक तत्व बेखौफ होकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। यदि समय रहते ऐसे तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, तो शहर की कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो सकती है।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने की राज परिवार से भेंट मुलाकात



जगदलपुर। बस्तर दशहरा के सबसे भावुक और अंतिम पड़ाव माता मावली की विदाई की पर राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा जगदलपुर पहुंचे। बस्तर राज परिवार के आमंत्रण पर पहुंचे उपाध्यक्ष ने माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव से राजमहल में आत्मीय भेंट की। इस दौरान बस्तर की समृद्ध लोक-संस्कृति परंपराओं के संरक्षण तथा अंचल के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ। बस्तर कलेक्टर रहते समय मावली माता की विदाई की ऐतिहासिक रस्म को व्यापक जन-भागीदारी, गरिमा और भव्यता प्रदान करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।

मां दंतेश्वरी की विदाई में नाई समाज हुआ शामिल

जगदलपुर। दशहरा पर्व की आज अंतिम रस्म देवी दंतेश्वरी के डोली की विदाई में सर्व नाई समाज संघ के अध्यक्ष मनोज ठाकुर के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हनुमान मंदिर के समीप फूल-मालाओं से माता का स्वागत एवं पूजन किया। समाजजनों ने मां दंतेश्वरी से सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर संघ के सदस्य भास्कर राव, राजू राव, महेंद्र ठाकुर, शंभू ठाकुर, सरोज श्रीवास, कृष्ण राव, अनिल ठाकुर, गौरी शंकर श्रीवास, राजेश राजनु श्रीवास, शेखर ठाकुर, राम लखन ठाकुर ,प्रेमजीत ठाकुर, हरिवंश ठाकुर, चंदन ठाकुर, सतीश सविता, रामबाबू श्रीवास, राजा ठाकुर, बाबू साहब ठाकुर, लल्लन ठाकुर शामिल थे।

एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं सांसद ने प्रेसवार्ता में निष्पक्ष चुनाव पर दिया जोर

लोकतंत्र की बुनियाद जनता के मताधिकार पर टिकी : शोभा बच्छाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लोकतंत्र में जनता की भागीदारी और मतदान के अधिकार की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने आवाज बुलंद की है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के देशव्यापी वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रेसवार्ता आयोजित की। इसमें एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं सांसद शोभा बच्छाव ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया।

सांसद शोभा बच्छाव ने कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद जनता के मताधिकार पर टिकी है। प्रत्येक नागरिक को अपने मत का स्वतंत्र रूप से उपयोग करने का अधिकार मिलना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और विश्वसनीय होना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद जरूरी है। नागरिकों की जागरूकता और सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, विधायक अंबिका मरकाम, ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, शरद लोहाना, मोहन लालवानी, कविता बाबर, विपिन साहू, आनंद पवार, राजकुमारी दीवान, वसीम कुरैशी, हरमिन्दर छाबड़ा, योगेश शर्मा, नरेश जसूजा, आकाश गोलछा, अरविंद दोशी, मदनमोहन खण्डेलवाल, मनीषा साहू, दीपक सोनकर, विशु देवांगन, राजेश पाण्डेय, कृष्णा मरकाम, शैलेन्द्र दीवान, उदित साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

देशभर में चलाया जा रहा अभियान

शोभा बच्छाव ने कहा कि वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के जरिए नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाना और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति लोगों का विश्वास बनाए रखना है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर देशभर में जनजागरूकता पर जोर दे रही है।

गुलाबी शाम के रंगों में नहाया धमतरी



धमतरी। शाम ढलते ही शहर का आसमान गुलाबी और बैंगनी रंगों से निखर उठा। कुदरत के इस मनमोहक नजारे और शहर की जगमगाती रोशनी ने शाम को खास बना दिया। आसमान में बिखरे रंगों ने ऐसा खूबसूरत दृश्य रचा, मानो प्रकृति ने धमतरी की फिजाओं में रंग भर दिए हों।

भारतीय राजनीति की गरिमा को तार-तार कर रहे कांग्रेसी नेता : चेतन

धमतरी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्गीय पिता को लेकर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारतीय राजनीति की गरिमा और संस्कारों के विरुद्ध बताया है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति राजनीतिक विरोध रखना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विरोध की आड़ में किसी व्यक्ति के दिवंगत माता-पिता को निशाना बनाना न केवल अनुचित है, बल्कि यह राजनीतिक मर्यादाओं के पतन को भी दर्शाता है। श्री हिंदूजा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना पूरा जीवन देश की सेवा और राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित किया है। उनके राजनीतिक फैसलों, नीतियों



और कार्यशैली पर कांग्रेस को सवाल उठाने का पूरा अधिकार है, लेकिन जब किसी राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ही सार्वजनिक मंच से इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। देश की राजनीति में पद की गरिमा और भाषा की मर्यादा का विशेष महत्व होता है।

पंद्रह दिन से आंदोलनरत पटवारी आज निकालेंगे रैली



- 168 पटवारी सौंपेंगे कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विभिन्न मांगों को लेकर 13 अक्टूबर से आंदोलन कर रहे राजस्व पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल के 15 दिन पूरे हो गए हैं। इसके बावजूद मांगों पर सुनवाई नहीं होने से पटवारियों में नाराजगी है। बुधवार को जिले के सभी 168 पटवारी गांधी चौक मैदान से कलेक्टोरेट तक रैली निकालेंगे। इसके बाद कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग करेंगे।

राजस्व पटवारी संघ का कहना है कि पीवी एप के माध्यम से गिरदावरी का कार्य व्यावहारिक नहीं है। इससे फसलों के भौतिक सत्यापन में परेशानियां आ सकती हैं। संघ ने पीवी एप में आवश्यक सुधार कर इसे व्यावहारिक बनाने तथा जान-माल के जोखिम वाली परिस्थितियों में बाध्यकारी सर्वे बंद करने की मांग की है। इसके अलावा विभिन्न जिलों में पटवारियों के खिलाफ जारी निलंबन, कारण बताओ नोटिस और अनुचित विभागीय कार्रवाई निरस्त करने की मांग भी शामिल है। पदोन्नति एवं एडवांसमेंट से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय लेने की मांग की जा रही है।

किसानों और आम नागरिकों की बढ़ी परेशानी

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पटवारी प्रतिवेदन, न्यायालयीन कार्य, आय, जाति एवं निवास प्रमाण- पत्र, नामांतरण, बटांकन, सीमांकन, किसान पंजीयन, किसान एग्रीस्टेक और फसल गिरदावरी जैसे काम प्रभावित होने से आम नागरिकों और किसानों को परेशानी हो रही है। जमीन संबंधी कार्यों के लिए लोगों को तहसील, एसडीएम और जिला कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। संघ ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

वनग्राम जबर्रा में नाइट ट्रेकिंग एवं कैंपिंग तीन राज्यों के 46 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

- प्राकृतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध वनांचल, जल संसाधनों और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध धमतरी जिले में पर्यटन की विविध संभावनाओं को विकसित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गंगरेल क्षेत्र में जल पर्यटन एवं कयाकिंग जैसी गतिविधियों के साथ अब वन ग्राम जबर्रा में नाइट ट्रेक एवं कैंपिंग का आयोजन किया गया। इससे जिले के वनांचल क्षेत्रों में प्रकृति आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की संभावनाएं सामने आई हैं।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की धमतरी इकाई द्वारा 24 एवं 25 अक्टूबर को वनग्राम जबर्रा में दो दिवसीय नाइट ट्रेक एवं कैंपिंग का आयोजन किया गया। विधायक ओंकार साहू ने सिहावा चौक से अभियान दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन में तीन राज्यों के 11 शहरों से आए कुल 46 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान डोंगरी ट्रेकिंग, बेस कैंप में कैंप फायर तथा नदी और घने जंगलों के बीच रात्रिकालीन ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें 20 प्रतिभागियों ने रात्रिकालीन ट्रेक में हिस्सा लिया। आयोजन में साहसिक गतिविधियों के साथ भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं का भी समावेश किया गया। शरद पूर्णिमा की चांदनी रात में रात्रि 12 बजे प्रतिभागियों ने पारंपरिक दिव्य अमृत खीर का आनंद लिया।



गंगरेल से जबर्रा तक पर्यटन की विविध संभावनाएं

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में गंगरेल जलाशय प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है, जहां जल पर्यटन एवं कयाकिंग जैसी गतिविधियां पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। वहीं जबर्रा का प्राकृतिक वातावरण कैंपिंग, ट्रेकिंग और नेचर ट्रेल जैसी गतिविधियों के लिए संभावनाएं प्रस्तुत करता है।

युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर

पर्यटन गतिविधियों का विस्तार स्थानीय युवाओं और ग्रामीण परिवारों के लिए आजीविका के नए अवसर विकसित करने में सहायक हो सकता है। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से स्थानीय गाइड, कैंप प्रबंधन, भोजन व्यवस्था, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों से जुड़े व्यवसायों को प्रोत्साहन मिलने की संभावनाएं हैं।

इस अवसर पर सुरक्षित भव फाउंडेशन के डॉ. संदीप धूपड़ ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता सत्र आयोजित किया। उन्होंने प्रतिभागियों को सुरक्षित आवागमन और यातायात नियमों के पालन के महत्व की जानकारी दी।

स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



- फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में स्वच्छता एवं कायाकल्प गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग रिलायंस इंस्ट्यूट ऑफ नर्सिंग में भारत सरकार के विशेष अभियान 6 के तहत एक दिवसीय कायाकल्प गतिविधियां आयोजित की गई। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग कॉलेज परिसर, प्रयोगशालाओं, चिकित्सा कक्षों और छात्र हॉस्टल में उच्च स्तरीय स्वच्छता मानकों को स्थापित करना, संक्रमण नियंत्रण (इन्फेक्शन कंट्रोल) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाना है।

संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि एक दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे संस्थान के शैक्षणिक स्टाफ, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता शपथ लेकर की गई। इसके पश्चात पूरे परिसर को विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित कर सघन सफाई अभियान चलाया गया।

छात्र-छात्राओं और स्टाफ द्वारा कॉलेज की आधुनिक लैब्स और पुस्तकालय की गहन सफाई व सैनिटाइजेशन किया गया। कार्यालयों में पुराने व अनुपयोगी रिकॉर्ड का निस्तारण कर फाइलों का व्यवस्थित रख-रखाव किया गया। नर्सिंग छात्रों को स्वास्थ्य क्षेत्र में कचरा प्रबंधन और संक्रमण नियंत्रण के कड़े नियमों के प्रति व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कॉलेज परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और बगीचे में नए पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रचार्य वीके डेविड, संजय लाल समेत सभी टीचर एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

करवा चौथ की तैयारी में जुटीं महिलाएं, बाजार में बढ़ी रौनक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुहाग की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ मनाए जाने वाले करवा चौथ पर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। करवा चौथ पर्व 29 अक्टूबर को मनाया जायेगा। पर्व के लिए बाजार में पूजन सामग्री और श्रृंगार के सामान की दुकानें सज गई हैं। पर्व नजदीक आने के साथ ही महिलाएं खरीदारी के लिए बाजार पहुंच रही हैं, जिससे दुकानदारों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। करवा चौथ के लिए बाजार में मिट्टी के करवा, चलनी, दीये, चुनरी और पूजा में उपयोग होने वाली अन्य सामग्रियां उपलब्ध हैं। महिलाएं अपनी जरूरत के अनुसार सामान खरीद रही हैं। पर्व को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ने लगी है।

पति की दीर्घायु के लिए रखेंगी व्रत

रजनी साहू, कुमारी साव , सावित्री कंवर ने बताया कि करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं। कई महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं।

चांद के दर्शन के बाद खुलेगा व्रत

करवा चौथ पर महिलाएं सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव, माता पार्वती और करवा माता की पूजा करती हैं। इसके बाद चंद्रमा के दर्शन कर विधिवत पूजन किया जाता है और पति की दीर्घायु की कामना के साथ व्रत खोला जाता है। मान्यता के अनुसार चंद्र दर्शन और पूजन के बिना व्रत अधूरा माना जाता है। यही वजह है कि महिलाएं चांद निकलने का इंतजार करती हैं। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है।

बिजली ऑफिस के पास जुआ खेलते पांच जुआरी गिरफ्तार

धमतरी। जिले में जुआ-सट्टा सहित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नगरी पुलिस ने बिजली ऑफिस के पास दबिश देकर काटपत्ती जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 15,800 रुपये नकद और ताशपत्ती जब्त की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी के निर्देशन में अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान नगरी पुलिस को मुखबिर से बिजली ऑफिस के पास कुछ लोगों द्वारा रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलने की सूचना मिली। सूचना पर नगरी पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ



खेल रहे पांच लोगों को रंगे पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निक्कू सोम उम्र 32 वर्ष, वीरेन्द्र साहू 50 वर्ष, भोला निषाद 29 वर्ष, तीरथराम रावत 45 वर्ष और अश्वनी ठाकुर 40 वर्ष शामिल हैं। सभी आरोपी नगरी थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 15800 रुपए व ताशपत्ती जब्त की है।

अनियंत्रित कार खेत में उतरी, दो घायल



धमतरी। रायपुर से कांकेर की ओर जा रही कार बाईपास में अनियंत्रित होकर खेत में उतर गई। इस घटना में कार में सवार दो लोग घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कार क्रमांक सीजी 04 एचयू 7829 में दो लोग सवार होकर नेशनल हाईवे से होते हुए रायपुर से कांकेर की ओर जा रहे थे। कार बाईपास से गुजर रही थी। इसी दौरान मुजगहन व बागतराई के बीच कार अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई। अनियंत्रित कार बाईपास से सीधे खेत में उतर गई। घटना में कार सवार शिवम मिश्रा व अनिल अग्रवाल दोनों रायपुर निवासी घायल हो गए। इस घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर वरदान संस्था के भूपेंद्र साहू, हेमंत साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और घायलों को बाहर निकाल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

दीपावली से पहले निगम कर्मचारियों को वेतन देने की मांग

धमतरी। दीपावली पर्व को देखते हुए नगर पालिक निगम के कर्मचारियों ने लंबित वेतन का भुगतान करने की मांग की है। इस संबंध में नवयुक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ नगर पालिक निगम धमतरी ने आयुक्त के नाम पत्र सौंपा। वहीं नगरीय निकायों में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित वेतन भुगतान के लिए शासन से राशि आवंटित करने की मांग भी की गई है।

संघ ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगरीय निकायों में कर्मचारियों का एक से तीन माह तक का वेतन लंबित है। नवंबर में दीपावली पर्व को देखते हुए कर्मचारियों को त्योहार से पहले वेतन भुगतान किया जाना आवश्यक है। संघ ने नगर निगम के कर्मचारियों का बकाया वेतन दीपावली से पूर्व जारी करने का आग्रह किया है। साथ ही नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को



लंबित वेतन भुगतान के लिए राशि आवंटित करने की मांग की है।

मांग करने वालों में संघ के संरक्षक पीसी सार्वा, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शेर खान, सलाहकार महेन्द्र सिंह जगत एवं दीपक शर्मा, अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर, कार्यवाहक अध्यक्ष रोशन लोंढे, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता एवं कमलेश ठाकुर, महामंत्री नितिन बनवासी एवं प्रमेश प्रदरिया, प्रदेश महामंत्री तरूण गजेन्द्र, सहसचिव कमल सिन्हा, कोषाध्यक्ष लोमश देवांगन, संगठन मंत्री सुनील सातुंके समेत अन्य हैं।



